# बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार

**32, हार्डिंग रोड, पटना-800001**

फोन- 0612-2231563, फैक्स नं॰ : 2231562, 2215089, वेबसाईट : www.bsea.bih.nic.in

पटना/ दिनांक 21/12/2017

## अधिसूचना

संख्या-नि॰ प्रा॰/ विधि॰ 1-118/2017...1255...बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार की अधिसूचना संख्या 985 दिनांक 09.10.2017 द्वारा अन्य सहित रक्सौल प्रखंड मत्स्यजीवी सहयोग समिति के प्रबंधकारिणी समिति के चुनाव हेतु निर्वाचन कार्यक्रम अधिसूचित किया गया था।

समादेश याचिका संख्या-13906/2017 में दिनांक 17.10.2017 को माननीय उच्च न्यायालय द्वारा पारित अंतरिम न्याय निर्णय के आलोक में प्राधिकार की अधिसूचना संख्या 1034 दिनांक 18.10.2017 द्वारा रक्सौल प्रखंड मत्स्यजीवी सहयोग समिति का चुनाव अगले आदेश तक स्थगित किया गया था।

उक्त याचिका में माननीय उच्च न्यायालय के आदेश दिनांक 14.12.2017 द्वारा स्थगनादेश को समाप्त किये जाने एवं याचिका को खारिज किये जाने के फलस्वरूप प्राधिकार के अधिसूचना संख्या 985 दिनांक 09.10.2017 द्वारा सूचना प्रकाशन के प्रक्रम से आगे के निर्वाचन कार्यक्रम को निम्नवत पुर्ननिर्धारित किया जाता है:-

| क्र0 | कार्यक्रम | तिथि |
|---|---|---|
| (i) | नामांकन की तिथि एवं समय | 26.12.2017 (मंगलवार)<br>11 बजे पूर्वाह्न से 3 बजे अपराह्न तक |
| (ii) | संवीक्षा की तिथि एवं समय | 27.12.2017 (बुधवार)<br>11 बजे पूर्वाह्न से 3 बजे अपराह्न तक |
| (iii) | अभ्यर्थिता वापसी/ प्रतीक आवंटन की तिथि | 28.12.2017 (गरूवार)<br>11 बजे पूर्वाह्न से 3 बजे अपराह्न तक |
| (iv) | मतदान, अगर आवश्यक हो | 05.01.2018 (शुक्रवार)<br>7 बजे पूर्वाह्न से 3 बजे अपराह्न तक |
| (v) | मतगणना | 05.01.2018 (शुक्रवार)/<br>06.01.2018 शनिवार को सुबह 08:00 बजे से |

2. अधिसूचना संख्या 985 दिनांक 09.10.2017 की शेष बातें यथावत रहेंगी।

(फूल सिंह)
मुख्य चुनाव पदाधिकारी

ज्ञापांक : 1255 पटना/ दिनांक 21/12/2017

प्रतिलिपि : ई-गजट शाखा, वित्त विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित। उनसे अनुरोध है कि प्रकाशित अधिसूचना की 50 प्रतियाँ प्राधिकार को उपलब्ध कराने की कृपा की जाय।

**मुख्य चुनाव पदाधिकारी**

Noti.Fisheries_2017_19-12-2017

ज्ञापांक : 1255 पटना/ दिनांक 21/12/2017

प्रतिलिपि : संबंधित प्रमंडलीय आयुक्त/ संबंधित जिला पदाधिकारी –सह– जिला निर्वाचन पदाधिकारी (स० स०)/ संबंधित पुलिस अधीक्षक/ संबंधित नोडल पदाधिकारी/ संबंधित जिला सहकारिता पदाधिकारी/ संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारी –सह– निर्वाचन पदाधिकारी (स० स०) को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

2. संबंधित जिला पदाधिकारी –सह– जिला निर्वाचन पदाधिकारी (स० स०) से अनुरोध है कि वे इस चुनाव कार्यक्रम की प्रतियां अपने स्तर से भी ससमय संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारी –सह– निर्वाचन पदाधिकारी (स० स०) को उपलब्ध कराने की व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे।

मुख्य चुनाव पदाधिकारी

ज्ञापांक : 1255 पटना/ दिनांक 21/12/2017

प्रतिलिपि: प्रधान सचिव, सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार, पटना/ प्रधान सचिव, सहकारिता विभाग, बिहार, पटना/ निबंधक, सहयोग समितियाँ, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

मुख्य चुनाव पदाधिकारी

ज्ञापांक : 1255 पटना/ दिनांक 21/12/2017

प्रतिलिपि: प्रधान सचिव, गृह विभाग, बिहार, पटना/ पुलिस महानिदेशक, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित। उनसे अनुरोध है कि विधि-व्यवस्था बनाये रखने हेतु अपने स्तर से कृपया निदेश निर्गत करना चाहेंगे।

मुख्य चुनाव पदाधिकारी

ज्ञापांक : 1255 पटना/ दिनांक 21/12/2017

प्रतिलिपि: मुख्य चुनाव पदाधिकारी, बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार, पटना के कोषांग/ उप सचिव/ अवर सचिव/ सभी प्रशाखा पदाधिकारी/ सांख्यिकी पर्यवेक्षक, बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

मुख्य चुनाव पदाधिकारी